## कानून के आगे सब समान, अध्यक्ष का गुरूर चकनाचूर
# छिंदवाड़ा कोर्ट ने काटा जेल वारंट, नपाध्यक्ष पहुंचे सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

**जिले के परासिया में बुधवार दोपहर कानून ने वह कर दिखाया, जिसकी लंबे समय से चर्चा थी। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय को विशेष न्यायालय में पेश किए जाने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए गए। आदेश आते ही प्रशासन हरकत में आया और कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपी को जिला जेल दाखिल कराया गया।**

पूरा मामला चांदामेटा निवासी एक महिला की शिकायत से जुड़ा है, जिसके आधार पर पुलिस ने एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम सहित गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तारी की और बुधवार को विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) सुदीप मिश्रा की अदालत में पेश किया। न्यायालय ने स्पष्ट शब्दों में



कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं, और बिना किसी नरमी के तत्काल जेल वारंट जारी कर दिया।

न्यायालय परिसर में आरोपी की पेशी के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तारी से पहले आरोपी द्वारा सोशल मीडिया पर आत्महत्या की धमकी देकर सहानुभूति बटोरने की कोशिश भी की गई, लेकिन अदालत ने ऐसे हथकंडों को पूरी तरह नकार दिया। यह विनोद मालवीय की पहली जेल यात्रा नहीं है।

बीते सप्ताह थाना परासिया में एक अन्य महिला ने आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था। फिलहाल उन पर तीन आईटी एक्ट और तीन सट्टा एक्ट के गंभीर प्रकरण दर्ज हैं। अनुशासनहीनता और विवादों के चलते उन्हें भारतीय जनता पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित भी किया जा चुका है।यह मामला न केवल स्थानीय राजनीति में भूचाल है, बल्कि यह भी साफ संदेश है कि सत्ता, पद और धमकियां कानून के सामने सब बेअसर हैं।

अध्यक्ष को लगा सत्ता है , समर्थन है तो सब चल जाएगा , पर ऐसा नहीं हुआ ।

### नपाध्यक्ष की अपराधिक पृष्ठभूमि का ये है आईना

| अप.क्र. | धाराएं |
|---|---|
| थाना चंदामेटा अप.क्र. 115/2005 | 4(क) सट्टा एक्ट, 109 **IPC** |
| थाना चंदामेटा अप.क्र.274/2005 | 4(क) सट्टा एक्ट, 109 **IPC** |
| थाना चंदामेटा अप.क्र.278/2005 | 4(क) सट्टा एक्ट, 109 **IPC** |
| थाना चंदामेटा अप.क्र. 48/2015 | 153(ए), 295(ए), 505(2) **IPC**, 66**A I.T. Act**. |
| थाना परासिया अप.क्र.106/2025 | 296, 352, 61(2) **BNS**, 67 **I.T.** एक्ट। |

व्यक्ति को अपने पद के अनुसार वेशभूषा , आचरण रखने चाहिए । अध्यक्ष पर जो आरोप लगे बेहद गंभीर है । अध्यक्ष के पास मौका था , प्लेटफॉर्म था खुद को बेहतर से बेहतर व्यक्ति के रूप में स्थापित करने का , सबको साथ लेकर शहर के चौतरफा विकास कर इतिहास रचने का , पर सिर्फ मैं और मैं के चक्कर में मुसीबतें गले पड़ गई । बहरहाल खबर ये है , कि अध्यक्ष के खिलाफ परासिया थाने में और चांदामेटा में दो अलग - अलग महिलाओं के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थीं । पुलिस ने उन पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं धारा 332 (ग) (1), धारा 74 (2), धारा 75 (1) (एक) एवं (दो), धारा 78 (2) तथा धारा 79 के तहत प्रकरण दर्ज किया।

इसके साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचारनिवारण) अधिनियम 1989 (संशोधन 2015) की धारा 3 (1) (डब्ल्यू) (दो) तथा धारा 3 (2) (बीए) के तहत मामला दर्ज किया था । बुधवार को चांदामेटा पुलिस ने न्यायालय में पेश किया , जहां से उन्हें जेल भेजा गया। इस से पूर्व 2016 में दर्ज हुए आई टी एक्ट के एक मामले में अध्यक्ष को जेल जाना पड़ा था ।

## मध्यप्रदेश के विकास को गति प्रदान करेगा बजटः सांसद

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश विधानसभा में बुधवार को उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया गया है। जिस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के विजन को लेकर यह बजट तैयार किया गया है। यह बजट जहां प्रदेश के भविष्य की दिशा तय करेगा वहीं प्रदेश के विकास को गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल एक साल का बजट नहीं बल्कि अगामी दो वर्षो के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करने वाला प्रदेश का पहला रोलिंग बजट है। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि इस मुख्य बजट में जहां छिंदवाड़ा सिंचाई कॉम्पलेक्स के लिए 500 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं दोनों जिलों की 24 सड़कों के निर्माण के लिए 266 करोड़ 89 लाख की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि 4,38,317 करोड़ रूपये के इस बजट का उद्येश्य समृध्द, सुखद, संपन्न और संस्कृतिमय मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने वाला है। लगातार तीसरी बार बिना किसी नए कर या कर वृध्दि के बिना बजट पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों के कल्याण, युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के साथ ही लोगों को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट है। इसमें हर वर्ग के लोगों का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। इस बजट में विभिन्न विभागों के खाली पड़े पदों को भरने का भी प्रावधान किया गया है। 200 नए संदीपनी स्कूल खुलने से बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान हो सकेगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में कैंसर और हार्ट के सुपर स्पेशियलिटी विभाग बनने से मरीजों को बड़ी राहत मिल सकेगी। सांसद श्री साहू ने कहा की इस बजट में खेती और किसान कल्याण के लिए 1.57 लाख करोड़ का भारी प्रावधान किया गया है। इसमें किसानों को 1 लाख सोलर पम्प देने के लिए 3 हजार करोड़ और ऋण उपलब्ध कराने के लिए 25 हजार करोड़ आवंटित किए गए है। लाड़ली बहना योजना के लिए 23,800 करोड़ का बजट रखा गया है। महिलाओं के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के लिए जहा कुल 1,27,555 करोड़ दिये गए है वही हेल्थ सेक्टर के लिए 23,747 करोड़ दिये गए है। बच्चों के पोषण के लिए टेट्रा पैक दूध की शुरूआत की जायेगी। हर विधान सभा में स्टेडियम, श्रमिक और महिला सुरक्षा के लिए हजारों करोड़ बजट दिया गया है।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु सुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं विद्युत आपूर्ति निरंतर बनाये रखने के निर्देश

**छिन्दवाड़ा।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक तथा सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा 15 मई 2026 से 01 जून 2026 तक आयोजित की गई है। अतिरिक्त कलेक्टर श्री धीरेन्द्र सिंह द्वारा आयोजित परीक्षाओं के आकस्मिक निरीक्षण करने एवं परीक्षाओं के सफल संचालन के लिये परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए एवं सोशल मीडिया के गलत सूचना और फर्जी खबरों के प्रसार की संभावना को नजर अंदाज न करने का उल्लेख करते हुये संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने तथा परीक्षा के दौरान विद्युत सप्लाई निरंतर बनाये रखने के लिये के लिये विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया है।

## ग्राम-ग्राम में चलाया जा रहा जनजागरूकता अभियान, प्रस्फुटन समितियां निभा रहीं सक्रिय भूमिका

**पांढुर्णा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के निर्देशानुसार विकासखण्ड समन्वयक दिलीप आठनेरे की उपस्थिति में सेक्टर क्र. 03 अंतर्गत गठित ग्राम प्रस्फुटन समिति भण्डारगोंदी की मासिक बैठक ग्राम पंचायत में आयोजित की गई। बैठक में प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष विशाखा हीवसे ने कहा कि छोटे-छोटे सामाजिक बदलाव से भी बड़े और सकारात्मक कार्य किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे, इसमें प्रस्फुटन समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है।विकासखण्ड समन्वयक ने नशा मुक्ति विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए ग्राम विकास से लेकर समाज विकास तक के विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान प्रस्फुटन समितियों द्वारा किए जा रहे रचनात्मक कार्यों जैसे जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण तथा महिला सशक्तीकरण—की जानकारी भी सदस्यों को दी गई।साथ ही आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई, ताकि जनजागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाया जा सके। इस अवसर पर परामर्शदाता श्याम दलवी, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष विशाखा हीवसे, प्रस्फुटन समिति के सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एमएसडब्ल्यू/बीएसडब्ल्यू छात्र एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## टीआई को मंडल अध्यक्ष ने हो रही रेत चोरी एवं ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई के लिए लिखा पत्र
### कांग्रेस एवं भाजपा के नेता रेत चोरी में भूले राजनैतिक मतभेद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील के देलाखारी, कुर्सी ढाना,बागई,दौरिया खेडा, सहित राजस्व एवं वन भूमि में बहने वाली नदियों से रेत का अवैध उत्खनन भाजपा कांग्रेस के कार्यकर्ता आपसी तालमेल दिखलाते हुए रेत चोरी में राजनैतिक मतभेद भुलाकर जमकर रेत की चोरी कर रहे हैं। इनको अधिकारियों का खुला संरक्षण मिला हुआ है। इसी बलबूते यह शासन प्रशासन का मजाक उड़ाते हुए ओवरलोड रेत के वाहन दिन के उजाले में निकालते चले आ रहे है, लेकिन इनकी यही मनमानी अब लोगों की जान पर बनने जैसी स्थिति निर्मित हो गई, क्योंकि ईन ओवर लोड रेत के वाहनों से उड़ने और गिरने वाली रेत सड़क पर चलने वालों के लिए मुसीबत खड़ी करने के साथ दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है। इसी को लेकर आज तामिया भाजपा मंडल दयाराम ईरुपाची ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ तामिया थाने में अवैध रेत उत्खनन ओवरलोड परिवहन और इसके कारण होने वाली सड़क दुर्घटना के संबंध में पत्र



क्रमांक 55 में लिखा है। उन्होंने पत्र के माध्यम से थाना प्रभारी तामिया का ध्यान आकर्षित करते हुए क्षेत्र में हो रहा है अवैध और असुरक्षित रेत उत्खनन एवं परिवहन की ओर ध्यान आकर्षित करने लिखित पत्र दिया है। मंडल अध्यक्ष ने तीन बिंदु में ओवरलोड वाहन के अलावा रेत के कारण दो पहिया चालक घायल हो रहे हैं। अपने पत्र में उन्होंने रेत चोरी का समय का उल्लेख भी किया है कि अक्सर रात के 12 बजे से सुबह 8 बजे तक रेत का अवैध परिवहन किया जाता है। उन्होंने रेत के वाहनों की सघन चेकिंग और उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए जिससे रेत की चोरी भी रुकेगी और आम नागरिकों का जीवन में सुरक्षित होगा। इस आशय का लिखित पत्र तामिया थाना प्रभारी को दिया है, लेकिन वर्षों से हो रही रेत चोरी पर आज तक कांग्रेस कमेटी तामिया ने कोई विरोध नहीं किया और ना ही भाजपा के बड़े नेताओं ने कोई कार्रवाई की लिखित छोड़ मौखिक शिकायत भी नहीं की इसका मूल कारण यह रहा है कि इस रेत चोरी में दोनों ही दलों के क्षेत्रीय नेता रेत के अवैध व्यवसाय में लिप्त हैं। अब देखना यह है कि मंडल अध्यक्ष द्वारा दिया गये आवेदन पर पुलिस को शासन ने रेत पकड़ने के अधिकार से वंचित किया है, लेकिन खनिज,राजस्व,वन, विभाग को रेत पकड़ने के पूरे अधिकार शासन से प्राप्त है, लेकिन वह दिखावे के लिए कार्रवाई कर रेत चोरी को बढ़ावा देने में ही अग्रणी रहे हैं।

अब देखना यह है कि मंडल अध्यक्ष को रेत की चोरी एवं उससे होने वाली दुर्घटना रोकने के लिए स्वयं पत्र लिखना पड़ा है। इससे ज्यादा खेद जनक विषय पार्टी एवं अधिकारियों के लिए और कुछ नहीं हो सकता।

## 1000 कि.ग्रा. महुआ लहान, 20 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब व विदेशी मदिरा की 20 बोतल की गई बरामद

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी वृत छिंदवाड़ा-1 ग्राम मुरमारी जनसुनवाई की शिकायत पर ग्राम मुरमारी के घरों एवं नालों के किनारे बन रहे अवैध कच्ची शराब के लिए ड्रमों एवं डिब्बों में रखी लगभग 1000 कि.ग्रा. महुआ लहान बरामद कर मौके पर बरामद लहान का सेंपल लेकर शेष लहान को नष्ट किया गया तथा 20 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34- 1 क के तहत 03 आरोपियो के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किए गए तथा 01 अज्ञात प्रकरण दर्ज किए गये। इसी तरह मोहननगर सिंधी कॉलोनी निवासी विकास ऊर्फ प्रिंस वाधवानी के रिहायशी मकान से विदेशी मदिरा की 20 बोतल एवं 05 पाव मदिरा बरामद कर धारा 34 (1) एवं 45 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इस कार्यवाही में वृत्त प्रभारी श्री जी.एल.मरावी, आबकारी आरक्षक श्री लक्ष्मीचंद अडमाचे, श्री जितेंद्र सिंह, श्री सोलानी वरकडे एवं श्री राजकुमार सैयाम उपस्थित थे।

## प्राथमिक शाला गांगावानी में पदस्थ एक प्राथमिक शिक्षक निलंबित

**छिन्दवाड़ा।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा विकासखंड जुन्नारदेव के प्राथमिक शाला गांगावानी संकुल केन्द्र सांगाखेड़ा में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक श्री सुमरलाल ठकरिया को शाला में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री मरकाम ने बताया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी जुन्नारदेव द्वारा अपने पत्र 02 फरवरी 2026 द्वारा अवगत कराया है कि 30 जनवरी 2026 को प्राथमिक शाला गांगावानी संकुल केन्द्र सांगाखेडा विकासखंड जुन्नारदेव का संकुल प्राचार्य हाईस्कूल सांगाखेडा द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। अभिलेखों के परीक्षण में बताया गया कि विकासखंड जुन्नारदेव के प्राथमिक शाला गांगावानी संकुल केन्द्र सांगाखेड़ा के प्राथमिक शिक्षक श्री ठकरिया 19 जनवरी 2026 से निरीक्षण दिनांक तक बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित है। छात्रों एव शिक्षंको द्वारा बताया गया कि प्राथमिक शिक्षक श्री ठकरिया के बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने के कारण शाला में शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जुन्नारदेव द्वारा अपने प्रतिवेदन में लेख किया कि प्राथमिक शिक्षक श्री ठकरिया मदिरा का सेवन कर संस्था में उपस्थित होते हैं, जिससे छात्रों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। प्राथमिक शिक्षक श्री ठकरिया का यह कृत्य कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता एवं स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करने के साथ ही मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम (एक) (दो) (तीन) एवं तेइस के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसलिये प्राथमिक शिक्षक श्री ठकरिया को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (2) में दिये गये प्रावधानों के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में प्राथमिक शिक्षक श्री ठकरिया का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिछुआ नियत किया गया है।

## 24 सड़कों के निर्माण के लिए दिलाई 266 करोड़ 89 लाख की सौगात

**छिन्दवाड़ा।** छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा वर्षो से जर्जर पड़ी हुई सड़कों का अब निर्माण हो सकेगा। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से मध्यप्रदेश के मुख्य बजट में दोनों जिलों में 24 सड़कों के निर्माण के लिए 266 करोड़ 89 लाख की स्वीकृति मिल गई है। अब जल्द ही दोनों जिलों में वर्षो से स्थानीय



जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों की मांग पूरी होकर 142.73 किलोमीटर की 24 सड़कों का निर्माण हो सकेगा। सांसद श्री साहू ने उक्त सड़कों के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह से लगातार इन सड़कों के निर्माण के लिए मुलाकात करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की दयनीय स्थिति का हवाला देते हुए उक्त सड़कों के निर्माण कार्यों के लिए राषि स्वीकृत करने की मांग की थी। जिसके तहत लोक निर्माण विभाग ने इन सड़कों की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी हैं। उल्लेखनीय है कि छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के निरंतर भ्रमण और जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू के समक्ष इन सड़कों के निर्माण कार्यों के लिए मांग रखी गई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने भी इसे लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह से व्यक्तिगत मुलाकात करते हुये पत्र देकर सड़कों के निर्माण कार्यों के लिए निवेदन किया था। जिसके आधार पर छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा की जर्जर सड़कों के निर्माण के लिए मुख्य बजट में शामिल किया गया था। छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिलें में सड़कों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति दिये जाने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, मंडल अध्यक्षों और क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोक निर्माण विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है। 24 सड़कों के निर्माण की मिली स्वीकृतिसांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में 142.73 किलोमीटर की 24 सड़कों के निर्माण के लिए मध्यप्रदेश के मुख्य बजट में 266 करोड़ 89 लाख की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जिसके तहत अमरवाड़ा के ग्राम धवईढाना से नंदोरी होते हुए जमनाही तक 4.50 कि.मी. की सड़क के लिए 5.63 करोड़, झिरना से कोसमढाना मार्ग 7 कि.मी. की सड़क के लिए 8.75 करोड़, चारगांव से भिलमाढाना मार्ग 3 कि.मी. की सड़क के लिए 3.75 करोड़ आदि सड़कें बनाई जाएगी।

## जन जागरूकता रैली के माध्यम से छात्राओं ने दिया स्वच्छता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा इकाई द्वारा शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव प्राचार्य डॉक्टर एके टांडेकर के मार्गदर्शन में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन ग्राम उमरिया फदाली में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।द्वितीय दिवस पर स्वयंसेविकाओं ने ग्राम में जन-जागरूकता रैली निकालकर स्वच्छता, शिक्षा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली के माध्यम से प्रभावी नारों द्वारा सकारात्मक संदेश प्रसारित किए गए। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं ने ग्राम सर्वेक्षण कर गांव की प्रमुख समस्याओं का प्रत्यक्ष अध्ययन किया तथा ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनके सुझाव प्राप्त किए।शिक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत बच्चों एवं अभिभावकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में वित्तीय साक्षरता एवं रोजगार के अवसरों पर विशेष व्याख्यान आयोजित हुआ। इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा एवं सूर्यवंशी जी ने अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय से राजेश माथनकर एवं डॉ विजय डढोरे ने छात्राओं को नवाचार, आत्मनिर्भरता एवं कौशल विकास के विषय में प्रेरक उद्बोधन दिया।

## भारतीय ज्ञान परंपरा से सतत विकास पर अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का भव्य उद्घाटन
### एक सुकरात रूपी शिक्षक सैकड़ों सिकंदर पैदा कर सकता हैः पद्मश्री उमाशंकर पांडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आईपीएस कॉलेज छिंदवाड़ा व राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा संयुक्त रूप से सतत विकास के लिए भारतीय ज्ञान परंपराः विकसित भारत -2047 के लिए दिशा निर्देश₹ विषय पर एफडीडी आई सभागृह में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में प्रमुख वक्ता बतौर बोलते हुए पर्यावरणविद् पद्मश्री उमाशंकर पांडे ने जल ही जीवन है, की सार्वभौमिक, सार्वकालिक और सार्वजनिक उपयोगिता को रेखांकित करते हुए कहा कि सतत विकास हेतु जीवन बीमा नहीं, जल बीमा की नितांत आवश्यकता है।

घर का पानी घर में और खेत का पानी खेत में ही रहना चाहिए। हर खेत पर मेड़ और हर मेड़ पर पेड़ लगाने चाहिए। रासायनिक खाद के



नाम पर खेतों में जहर बोया जा रहा है। शिक्षकों को जल साहित्य पर शोध कराना चाहिए। हर शिक्षक सुकरात होता है, सिकंदर एक सुकरात नहीं बना सकता है लेकिन एक सुकरात कई सिकंदर बना सकता है। कुलगुरू प्रो. आई. पी. त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय शास्त्र परंपरा में सतत विकास के लिए वानस्पतिक संरक्षण पर हजारों संदर्भों से बात की गई है। मुख्य स्त्रोत वक्ता बी.एच.यू. के प्रो. बी. रामानाथन ने कहा कि इस सृष्टि में कोई भी शब्द, व्यक्ति या वनस्पति बेकार नहीं है, सिर्फ उनकी उपयोगिता बताने वाला कोई विशेषज्ञ चाहिए। दिल्ली के प्रो. कामेश सतीश पवार ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान की संस्कृति है, इसमें तकनीकी दक्षता को जोड़कर भारत को वैश्विक महाशक्ति बनाया जा सकता है।

## प्रेमिका की हत्या, प्रेमी ने की आत्महत्या
### जांच में जुटी पुलिस टीम, जुन्नारदेव थाना क्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

बीते दिनों सुबह 10.00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला का शव अर्धनारेश्वर मंदिर के पास कन्हान नदी के किनारे पडा हुआ है, जिसके सिर से खून निकल रहा है, साथ ही अग्रवाल क्रेशर के पीछे एक आदमी का शव फांसी पर लटका मिला है।

आस पास के लोगो ने मृत्तिका की पहचान भारती डेहरिया पिता अशोक डेहरिया उम्र 23 साल निवासी आलीवाडा थाना जुन्नारदेव हाल निवासी नरेश बट्टी का मकान , अप्पू हाल वार्ड नं 12 दमुआ का होना पता चला जो मौके पर प्रथम दृष्टया हत्या प्रतीत होने से व मृत्तिका की मां कलशा डेहरिया की सूचना पर हत्या का मामला दर्ज कर एफएसएल अधिकारी को घटना स्थल बुलाया गया।

वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित कर हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर




विवेचना में लिया गया । मृतिका के घटना स्थल से करीबन 800 मीटर की दूरी पर अग्रवाल क्रेशर के पीछे फांसी पर लटके शव की पहचान मृत्तिका के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाले नरेश पिता दलशराम बट्टी उम्र 30 साल निवासी आलीवाडा (जुन्नारदेव) हाल निवासी नरेश बट्टी का मकान , अप्पू हाल वार्ड नं 12 दमुआ के रुप में हुई जो मृतक नरेश के भाई सुरेश बट्टी की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

मृत्तिका भारती डेहरिया और मृतक नरेश बट्टी के बीच पिछले करीब 04 वर्ष से प्रेम संबध थे, दोनो साथ में ही नरेश बट्टी के पैतृक मकान अप्पू हाल वार्ड नं 12 में रहते थे, दोनो के बीच पिछले 01 वर्ष से घरेलू बातो पर वाद विवाद झगडा होता रहता था, प्रथम दृष्टया विवेचना में प्रतीत हो रहा है कि कल रात्रि में दोनो के बीच में वाद विवाद हुआ जिसमें मृतक नरेश बट्टी ने पत्थर से मृत्तिका भारती डेहरिया के सिर पर चोट पहुचा कर मृत्यु कारित कर, स्वयं ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या करना, विस्तृत विवेचना जारी है ।

**मृतिका** - भारती पिता अशोक डेहरिया उम्र 23 साल निवासी आलीवाडा (जुन्नारदेव) हाल निवासी नरेश बट्टी का मकान , अप्पू हाल वार्ड नं 12 दमुआ **मृतक** नरेश पिता दलशराम बट्टी उम्र 30 साल निवासी आलीवाडा (जुन्नारदेव) हाल निवासी नरेश बट्टी का मकान , अप्पू हाल वार्ड नं 12 दमुआ **पुलिस टीम निरीक्षक प्रमोद सिरसाम एवं स्टाफ की भूमिका रही।**

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम उमरिया फदाली में में संपन्न हुआ। शिविर के लिए प्रस्थान करने से पूर्व स्वयंसेविकाओं को महाविद्यालय के प्राचार्यएवं समस्त स्टाफ द्वारा आशीर्वचन एवं शुभकामनाएँ प्रदान कर उत्साहपूर्वक विदा किया गया।शिविर का उद्घाटन ग्राम उमरिया फदाली में सरपंच की उपस्थिति में माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत उठो समाज के लिए उठो से हुई, जिससे वातावरण राष्ट्रसेवा की भावना से ओत-प्रोत हो उठा।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी ने सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति अभियान, पर्यावरण संरक्षण, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं ग्राम सर्वेक्षण जैसी गतिविधियाँ संचालित की जाएँगी।

### निगम की कार्रवाई : कई संस्थानों को नोटिस
## होटलों, अस्पतालों और फैक्ट्रियों में अग्निशमन सुरक्षा की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर निगम ने आज व्यापक अभियान चलाया। नगर निगम के फायर अधिकारी श्री अभिषेक दुबे ने अपनी टीम के साथ शहर के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटलों, अस्पतालों तथा औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्रियों में अग्निशमन सुरक्षा उपकरणों की सघन जांच की।

जांच के दौरान प्रतिष्ठानों में लगे फायर फाइटिंग सिस्टम, फायर अलार्म, फायर एक्सटिंग्विशर, हाइड्रेंट सिस्टम, आपातकालीन निकास मार्ग आदि की स्थिति का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही सेफ्टी सर्टिफिकेट और फायर



ऑडिट से संबंधित दस्तावेजों की भी गहन जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा संबंधी उपाय निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। ऐसे संस्थानों को नगर निगम की ओर से नोटिस जारी कर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं। फायर अधिकारी श्री अभिषेक दुबे ने बताया कि नए प्रतिष्ठानों के निर्माण से पूर्व नगर निगम से भवन निर्माण अनुमति लेना अनिवार्य है। भवन अनुमति के समय ही फायर प्लान परमिशन के लिए आवेदन करना आवश्यक होता है। व्यवसाय की प्रकृति के अनुसार निरीक्षण कर फायर प्लान का अनुमोदन किया जाता है।

उन्होंने आगे बताया कि फायर प्लान के अनुरूप भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद नगर निगम द्वारा फायर प्लान का सेफ्टी सर्टिफिकेट जारी किया जाता है, जो तीन वर्षों तक मान्य रहता है। हालांकि इन तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष फायर ऑडिट कराना अनिवार्य है। तीन वर्ष पूर्ण होने के बाद समकालीन मानकों के अनुसार सेफ्टी सर्टिफिकेट का नवीनीकरण कराना आवश्यक होता है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि अग्नि सुरक्षा में लापरवाही बरतने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**अनुविभागीय अधिकारी रा. चौरई जिला छिंदवाड़ा**
**-इस्तहार-**
रा0प्र0क्र0-0428/ अ-6 (अ) /2025-26
मौजा-तूमड़ा तहसील चौरई
क्रमांक/159/प्रस्तु0-2/अ0वि0अ0 चौरई, दिनांक 16/02/2026
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक महादेव पिता रामेश्वर जाति लोधी निवासी तूमड़ा तहसील चौरई जिला छिन्दवाड़ा द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया कि, ग्राम तूमड़ा तहसील चौरई जिला छिन्दवाड़ा अंतर्गत भूमि खसरा नबंर 258/14, 258/3, 258/1 कुल रकबा 0.507 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। आवेदक की हस्तलिखित नकल सन 2006 से 2011 तक खसरा नबंर-258/14, 258/3, 258/1 कुल रकबा 0.507 हे जो कि हस्तलिखित नकल में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि का रिकार्ड हस्तलिखित नकल के आधार पर अपना नाम वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज किए जाने बाबद आवेदन पत्र मय दस्तावेजों के प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में प्रचलित है। तथा अनावेदक गण कचरा पिता नेतराम, सेवकराम पिता भंगी, शंकर पिता चिन्तामन, भाग्गो बेवा सूरतसिंग, अजबसिंग पिता हीरालाल, सुखराम पिता सूरतसिंग, तेहताप पिता चिन्तान जाति अहीर भूमिस्वामी तुमड़ा की उपस्थिति हेतु नियत है। उक्त आवेदन के संबंध में हितबद्ध व्यक्ति / संस्था या अन्य को किसी प्रकार की दावा आपति यदि हो तो नियत सुनवाई तिथि दिनांक 09/03/2026 पूर्व स्वयं या मान्य अभिकर्ता/अधिवक्ता के साथ समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत सुनवाई तिथि बाद प्राप्त दावा आपति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा। ईस्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 16/02/2025 को जारी।
स्थान- चौरई
पेशी दिनांक-09.03.2026
अनुविभागीय अधिकारी (रा. ) चौरई

## सिंगोडी पुलिस चौकी में शांति समिति की बैठक संपन्न, अमरवाड़ा एसडीएम, एसडीओपी टी आई सहित जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

# शांति एवं सद्भाव के साथ त्यौहार मनाने पर हुई चर्चा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पुलिस चौकी सिंगोड़ी में आज शांति समिति की बैठक का आयोजन होली रंग पंचमी रमजान पर्व को लेकर आयोजित की गई जिसमे पुलिस चौकी प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से अमरवाड़ा एसडीएम हेमकरण धुर्वे एसडीओपी कल्याणी बरकड़े टीआई राजेंद्र धुर्वे की विशेष उपस्थिति में बैठक प्रारंभ हुई।जिसमें होली पर्व रंग पंचमी रमजान त्यौहार को शांति पूर्ण ढंग से मनाने को लेकर मुख्य रूप से चर्चा की गई।

जिसमे सभी धर्म संप्रदाय के लोगो ने आपसी सौहार्द और कौमी एकता के साथ इस पर्व को मनाने की चर्चा की।इस दौरान ग्राम पंचायत सिंगोड़ी की साफ-सफाई होली रमजान रंग पंचमी पर्व पर सड़कों पर पानी न बहे उसकी व्यवस्था नलजल पेयजल की व्यवस्था कराने की चर्चा की गई साथी एसडीएम हेमकरण धुर्वे के द्वारा ग्राम पंचायत को आदेशित किया गया कि जनरल योजना के मेन लाईन से लिए हुए नल कनेक्शन को काटने की बात कही ।असामाजिक तत्वों और उड़दंग करने वालो पर कार्यवाही करने मेन बस स्टैंड से दुर्गा मंदिर मेन रोड तक सभी लोगों को अतिक्रमण हटाने चूने की लाईन डालकर उन्हें नोटिस देने सहित अतिक्रमण न हटने पर कानूनी कार्रवाई करने सहित अनेक महत्वपूर्ण चर्चाओं को किया गया जिसमें आसपास के ग्रामीण इलाके जिसमें रजोला ,बड़ेगांव, खकरा चौरई , पिंडरई डवीर सहित विभिन्न ग्रामीण इलाको में होली रंगपंचमी रमजान पर्व को शांतिपूर्ण पूर्वक से मनाने की बात कही गई।

वही त्यौहारो के चलते सभी क्षेत्र वासियो ने अपनी अपनी समस्याओं को रखी।इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में शांति समिति के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। साथ ही बोर्ड परीक्षाएं और स्थानीय परीक्षाएं होने पर डी जे पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है एवं बजाने पर जब्ती की कार्यवाही करने की बात कही गई है।

इस अवसर पर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई चौकी प्रभारी पंकज राय ने सभी लोगो का आभार प्रदर्शन कर त्यौहारो को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है। इस अवसर पर उपस्थित रहे योगेश यादव, पवन राव सोनी, उप सरपंच व पूर्व अंजुमन कमेटी सदर ईलमन मिस्किनी, पुष्प कुमार जैन, नर्मदा साहू, प्रसादी पटेल, कैलाश साहू, सदर अंजुमन कमेटी खकरा चौरई,गयुर भाई, सह, सचिव सुलेमान अंसारी,भुरा भाई, पत्रकार योगेश चौरसिया, जिब्राइल पत्रकार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नागपुर के राजन यादव ने जीती 10 किमी की दौड़



**सौंसर।** हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती के उपलक्ष्य में सौसर नगर में उत्साह और शौर्य का संगम देखने को मिला। श्री शिवराय संगठन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'श्री शिवजन्मोत्सव' का शुभारंभ राष्ट्रध्वज वंदन और 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन के साथ अत्यंत भव्यता से हुआ, शौर्य दौड़ शुभारंभ अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड, सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भूते, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मण चाके, संजय राठी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मौसम पालेवाल, एड हरीश बत्रा,सौसर मंडल भाजपा अध्यक्ष दर्शन झाडे, श्रीमती उषा भमोरे, सौसर डीएसपी श्रीमती प्रियंका पांडे सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उईके,आदि थे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे पांढुर्णा जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात देते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर स्थानीय अवकाश की घोषणा की। आयोजन के पहले दिन आयोजित 'शौर्य दौड़' में मध्य प्रदेश महाराष्ट्र के 100 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। 'राहुल मोहोड़ मित्र मंडली' के विशेष सहयोग से आयोजित इस दौड़ में नागपुर के राजन यादव ने बाजी मारी।विजेताओं में बालक वर्ग प्रथम राजन यादव (नागपुर) द्वितीय निखार भलावी (गोंदिया) तृतीय रूपेश चौरे (रिधोरा) बालिका वर्ग प्रथम प्रतिमा परतेती,द्वितीयमयूरी ददघाये,तृतीय रोशनी इवनाती के अलावानन्हे धावक शिवांश पंकज धामधार को उनके अदम्य साहस के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड़ ने की, मंच पर पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश, एसडीओपी श्रीमती प्रियंका पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़ सहित अनेक गणमान्य नागरिक गनों की उपस्थिति में पुरस्कारों का वितरण किया गया,अतिथियों ने अपने संबोधन में शिवाजी महाराज के जीवन को राष्ट्र निर्माण का आधार स्तंभ बताया। संगठन के अध्यक्ष प्रदीप बिघाने ने बताया कि उत्सव के अगले दो दिनों में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम और शिव चरित्र पर व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सफल आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन, नगर पालिका और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## कोयले का अवैध उत्खनन रोकने जारी है वेकोलि प्रबंधन की कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

रावनवाड़ा कोयला क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न बंद कोयला खदानों से अवैध कोयले का उत्खनन रोकने के लिए वेकोलि प्रबंधन की करवाई लगातार जारी है ।इसी क्रम में बुधवार को प्रबंधन के द्वारा रावनवाड़ा की बंद कोयला पर कार्रवाई की गई ।सिद्ध बाबा डोंगरे पेट्रोल के सामने और रावनवाड़ा बस्ती में सब एरिया मैनेजर अरविन्द भोकाड , मैनेजर विजय पासकल और सुरक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी पहुंचे और उन क्षेत्रों को बंद किया जहां से अवैध रूप से कोयला उत्खनन किया जा रहा था । अधिकारियों का कहना है , कि क्षेत्र में और भी चिन्हित स्थानों पर इस तरह की कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा ।

## रिटायर्ड होते ही थामा भाजपा का दामन



**परासिया** :- कृषि विभाग परासिया में पदस्थ रहे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विनायक नागदवने ने रिटायर्ड होने के कुछ दिनों बाद ही भाजपा का दामन थाम लिया है । उन्हें भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव ने भाजपा के पदाधिकारियों उपस्थिति में पार्टी का गमछा पहनाकर पार्टी में शामिल किया ।विनायक नागदवने ने बताया , कि उन्होंने भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों एवं राष्ट्रहित के कार्यों से प्रेरित होकर पार्टी ज्वाइन की । इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष ने श्री नागदवने का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा , कि उनका प्रशासनिक अनुभव एवं जनसेवा की भावना से पार्टी को मजबूती मिलेगी ।

## कल लगेगा ओपन कैंपस

**सौंसर।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का एक बड़ा अवसर सामने आया है। बोरगांव स्थित लिटिल स्टेप कॉलेज में आगामी 20 फरवरी को एक भव्य 'ऑफ कैंपस ओपन सिलेक्शन ड्राइव' का आयोजन किया जा रहा है। इस ड्राइव में देश की 11 प्रतिष्ठित आईटी और मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां शिरकत कर रही हैं। ओपन केंपस कार्यक्रम आयोजक एवं संस्था संचालक अनिल खंबोलकर एवं प्राचार्य डॉ कैलाश धकाते ने बताया इस भर्ती अभियान में वे सभी अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं जिन्होंने किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से निम्नलिखित योग्यताएं हासिल की हैं: 12वीं, स्नातक या आईटीआई उत्तीर्ण वर्ष: वर्ष 2023, 2024 और 2025 में पास होने वाले छात्र।कॉलेज प्रबंधन ने जानकारी दी है कि आवेदकों की सुविधा के लिए उसी दिन विभिन्न कंपनियों के (मानव संसाधन अधिकारी) द्वारा सीधे पंजीयन की व्यवस्था की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों और उनकी छायाप्रति के साथ सीधे आयोजन स्थल पर उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया का हिस्सा बन सकते हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. धकाते ने बताया कि यह ड्राइव क्षेत्र के युवाओं के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी।हमारा उद्देश्य स्थानीय युवाओं को उनके घर के पास ही देश की नामी कंपनियों में रोजगार दिलाना है। इन कंपनियों द्वारा आकर्षक सैलरी पैकेज भी दिया जा रहा है।

## तेलंगाना में बुद्ध धम्म प्रचार समिति का भव्य स्वागत

**सौंसर।** वर्ष 2003 से निरंतर देश के कोने-कोने में भगवान बुद्ध और बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के विचारों की अलख जगा रही 'बुद्ध धम्म प्रचार समिति' इन दिनों तेलंगाना राज्य के प्रवास पर है। समिति के पदाधिकारी देशव्यापी भ्रमण के माध्यम से धम्म के प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं, जिसका व्यापक असर तेलंगाना के विभिन्न जिलों में देखने को मिल रहा है। प्रवास के दौरान तेलंगाना के ढेगामा में 'बुद्ध और उनका धम्म' विषय पर विशेष चर्चा एवं बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति प्रमुख के. सोमकुंवर एवं डॉ. राहुल वाहने ने टीम के साथ निर्मल (तेलंगाना) में धम्म चर्चा में समिति के आगामी लक्ष्यों और धम्म यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

## किसानों, बेरोजगार युवाओं का बजट में नहीं रखा गया ध्यान : विवेक पटेल




**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को विधानसभा में प्रदेश का वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया। इस बजट को भाजपा के नेताओं ने प्रदेश के सपनों को साकार करने वाला बजट बताया हैं, तो वहीं वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने इस बजट को निराशाजनक और आम जनता के लिए झुनझुना वाला बजट बताया है। बजट को लेकर विधायक विवेक विक्की पटेल व अन्य कांग्रेसी विधायकों ने प्रतिपक्ष नेता उमंग सिंघार के साथ विधानसभा के बाहर प्रदर्शन भी किया।

**भाजपा के नेताओं का उद्धार करने वाला बजट:** उन्होंने कहा कि इस बजट में प्रदेश के युवाओं, किसानों, बेरोजगार और मध्यम वर्ग की उम्मीदों को नजर अंदाज किया गया है। यह बजट प्रदेश की भाजपा सरकार का बजट हैं, इस बजट से सिर्फ भाजपा के नेताओं का उद्धार होना है। टैक्स में कोई विशेष छूट नहीं मिलने से आम जनता में निराशा है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व ही केंद्र सरकार का बजट आया था। उस बजट में भी केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया था। कृषि प्रधान राज्य होने के बावजूद प्रदेश के युवाओं, किसानों और गरीब वर्ग के लिए विशेष पैकेज या ठोस सहायता की घोषणा नहीं की गई।

**जीएसटी लगाकर कृषि यंत्रों की कीमतों पर बढ़ोत्तरी कर किसानों पर लादा बोझ:** उनहोंने कहा कि अब प्रदेश के बजट में न तो महंगाई पर कोई ठोस नियंत्रण की व्यवस्था की गई हैं, न हीं मध्यम वर्ग के लोगों को टैक्स से राहत मिली है और ना ही महिलाओं की सुरक्षा व रोजगार को लेकर कोई प्रभावी प्रावधान किया गया है। एक ओर भाजपा सरकार किसानों की आय को दोगुनी करने की बात करती है। दूसरी और ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, सिंचाई उपकरण और अन्य कृषि यंत्रों पर जीएसटी लगाकर खेती की लागत बढ़ा रही है। जिससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। प्रदेश की सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी है। इसके बावजूद बेरोजगार युवाओं के लिए न कोई ठोस रोजगार योजना है और ना ही नई भर्तियां निकाली गई हैं।

# 1500 रुपये की बयाना राशि की वापसी को लेकर मारा चाकू

## पुलिसकर्मियों के सामने घटी घटना, घायल दिनेश को भेजा गया जिला चिकित्सालय बालाघाट

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम झाडग़ॉव में एक बाईक की खरीदी-बिक्री के मामले में मंगलवार की रात्रि लगभग 8 बजे एक युवक मनीष उके द्वारा दिनेश नगपुरे नामक व्यक्ति की पीठ में चाकू मारकर घायल कर दिया गया। घायल दिनेश नगपुरे को 112 डायल से शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी लाकर भर्ती करवाया गया, जहॉ प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय बालाघाट उचित उपचार के लिए भिजवा दिया गया है।

**बाईक का सौदा कर 1500 रुपये दिए थे एडवांस:** जानकारी अनुसार मनीष हीरालाल उके द्वारा दिनेश चैनलाल नगपुरे के माध्यम से ग्राम के प्रदीप माहुले से बाईक खरीदने का सौदा 9 हजार रुपये में किया गया था और उसे 1500 रुपये एडवांस के रुप में प्रदान किए गए थे। जिस पर प्रदीप ने उसे बाईक दे दी थी। उसके बाद मनीष और उसका भाई मजदूरी करने के लिए हैदराबाद चले गए थे। इस बीच बकाया रकम नहीं मिलने पर प्रदीप माहुले ने मनीष के घर से बाईक वापस ला ली थी। कुछ दिन पूर्व मनीष उके अपने भाई के साथ हैदराबाद से वापस आया और उसने प्रदीप द्वारा बाईक वापस ले जाने पर अपने द्वारा एडवांस दी गई 1500 रुपये की राशि वापस मॉगी। जिस पर दिनेश ने 3-4 दिन में राशि वापस करने की बात कही। जिससे उनके बीच विवाद की स्थिति बन गई।



**पुलिसकर्मी के सामने मनीष ने दिनेश की पीठ पर मारा चाकू:** इसी बीच किसी व्यक्ति द्वारा 112 डायल को फोन कर दिया गया। जिस पर 112 डायल से पुलिसकर्मी ग्राम झाडग़ॉव पहुॅचे और पंचायत भवन के सामने हो रहे दोनों पक्षों के विवाद को उन्होंने सुलझाने का प्रयास किया। लेकिन इसी बीच मनीष उके ने अचानक ही पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में दिनेश नगपुरे की पीठ में चाकू से वार कर दिया। जिससे घायल होकर दिनेश घटनास्थल पर ही गिर गया। वहीं हमलावर मनीष उके पुलिसकर्मियों के देखते ही देखते वहॉ से फरार हो गया। जिस पर पुलिसकर्मियों ने मनीष उके के भाई को पकड़ लिया और उसके साथ ही घायल दिनेश नगपुरे को लेकर वारासिवनी चिकित्सालय पहुॅचे।

**थाना प्रभारी व तहसीलदार ने लिया घायल के बयान:** घटना की जानकारी मिलने पर वारासिवनी पुलिस थाना प्रभारी पवन यादव व नायब तहसीलदार टी पी अक्षरिया भी चिकित्सालय पहुॅचे। जहॉ पर उन्होंने घायल दिनेश नगपुरे के बयान पंजीबद्ध किए। वहीं चिकित्सकों द्वारा घायल दिनेश नगपुरे का प्राथमिक उपचार किया गया और उचित उपचार के लिए उसे जिला चिकित्सालय बालाघाट भेज दिया गया। जहॉ पर चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा हैं। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जॉच की जा रही है।

## बिंझवार समाज अध्यक्ष बोले – न किसी को निकाला गया, न लगाया गया कोई जुर्माना

# सामाजिक बहिष्कार का आरोप बेबुनियाद, समाज ने किया खंडन



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी तहसील से सामने आए कथित सामाजिक बहिष्कार के मामले में अब बिंझवार समाज और उसके पदाधिकारियों ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए अपना पक्ष सार्वजनिक किया है। समाज के अध्यक्ष और वरिष्ठ सदस्यों का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को समाज से बहिष्कृत नहीं किया गया है और न ही किसी प्रकार का आर्थिक जुर्माना तय किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पूरा मामला आपसी पारिवारिक विवाद और गलतफहमी का परिणाम है, जिसे बेवजह सामाजिक रंग दिया जा रहा है।समाज पदाधिकारियों के अनुसार हाल ही में समाज की एक सामान्य बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें समाज से जुड़े कुछ आंतरिक विषयों पर चर्चा की गई थी। इस बैठक में किसी भी सदस्य के खिलाफ बहिष्कार, हुक्का-पानी बंद या जुर्माना लगाने जैसा कोई प्रस्ताव न तो रखा गया और न ही पारित किया गया। अध्यक्ष का कहना है कि समाज हमेशा से विधवा पुनर्विवाह के पक्ष में रहा है और किसी महिला के पुनर्विवाह पर रोक लगाने जैसी कोई परंपरा समाज में नहीं है।

**समाज का पक्ष: बहिष्कार का कोई प्रस्ताव नहीं:** बिंझवार समाज के अध्यक्ष ने कहा कि जिस बुजुर्ग द्वारा लगाए गए आरोप सामने आए हैं, वे समाज की छवि को नुकसान पहुंचाने वाले हैं। उन्होंने बताया कि समाज की बैठक केवल आपसी समन्वय और सामाजिक मुद्दों पर संवाद के लिए होती है, न कि किसी को दंडित करने के लिए। अध्यक्ष के अनुसार न तो लिखित रूप में और न ही मौखिक रूप से किसी को दस वर्षों के लिए बहिष्कृत करने का निर्णय लिया गया।समाज के वरिष्ठ सदस्यों का यह भी कहना है कि "हुक्का-पानी बंद" जैसी प्रथा वर्तमान समय में समाज में प्रचलित नहीं है और इसे लागू करने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने आरोपों को पूरी तरह से खारिज करते हुए कहा कि यदि किसी को व्यक्तिगत स्तर पर किसी सदस्य से नाराजगी है, तो उसे समाज का फैसला बताना गलत है।

समाज पदाधिकारियों ने प्रशासन द्वारा मामले की जांच के निर्देश का स्वागत किया है। उनका कहना है कि जांच से सच्चाई सामने आ जाएगी और समाज पर लगे झूठे आरोपों से पर्दा हटेगा। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि समाज किसी भी तरह की रूढ़िवादी सोच का समर्थन नहीं करता और समय के साथ सामाजिक परंपराओं में बदलाव को स्वीकार करता है।समाज का दावा है कि विधवा पुनर्विवाह को लेकर समाज में कभी कोई विरोध नहीं रहा है और यह मामला कुछ लोगों की व्यक्तिगत नाराजगी और संवाद की कमी का परिणाम है। अध्यक्ष ने अपील की कि बिना तथ्यों के समाज को दोषी ठहराना उचित नहीं है और ऐसे मामलों में पहले सामाजिक स्तर पर बातचीत से समाधान निकालना चाहिए।फिलहाल समाज प्रशासनिक जांच का इंतजार कर रहा है और उम्मीद जता रहा है कि निष्पक्ष जांच के बाद वास्तविक स्थिति सामने आएगी तथा समाज की छवि पर लगे आरोप स्वतः ही समाप्त हो जाएंगे।

### इनका कहना है

मानिक सोनवाने द्वारा समाज पर लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह निराधार और गलत हैं। समाज ने किसी भी व्यक्ति को न तो बहिष्कृत किया है और न ही किसी प्रकार का जुर्माना लगाया है। 16 जनवरी को हुई बैठक समाज के सदस्य किशोर उईके की बीमार माताजी के इलाज हेतु आर्थिक सहायता के लिए रखी गई थी, न कि किसी बहिष्कार या दंड के निर्णय के लिए।

**अजय पालेवार] अध्यक्ष, आदिवासी बिंझवार समाज लांजी**

## सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह हुआ आयोजन



### सालेटेका में भूमिपूजन समारोह में प्रमुख आतिथ्य के रूप में शामिल हुए पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम सालेटेका में 17 फरवरी मंगलवार को राज्य वित्त आयोग योजना से 25 लाख रुपए स्वीकृती लागत से बनने वाले भव्य सामुदायिक भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर प्रमुख आतिथ्य के रूप में पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल भूमिपूजन समारोह में शामिल हुए और अपने हस्ते सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया । साथ ही कार्यस्थल कौन सा श्रेष्ठ होना चाहिये जैसे सवाल का भी समाधान किया। इस अवसर पर गुडडा भैया ने कहा की हमारी प्रदेश सरकार क्रमश सभी पंचायतो को सामुदायिक भवन व ग्राम पंचायत भवन की सौगात दे रही है। अभी सामुदायिक भवन की सौगात मिली है। जल्द इसी पंचायत के 20 साल पुराने भवन के बदले नया भव्य पंचायत बनते भी आप जरूर देखेंगे। उन्होंनो सार्वजनिक तौर पर कहा की हमे खेल मैदान को सिर्फ खेल के लिये ही सुरक्षित रखना है। वारासिवनी के तीन खेल मैदानो को हमने आज भी सुरक्षित रखकर युवाओ के भविष्य से समझौता नही किया है। साथ ही सामुदायिक भवन बनाने वाले स्थल में पार्किंग सहित सामने का एक बडा परिसर भी अवश्य होना चाहिये कहा।इस दौरान खैरलांजी जप.पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधी गुनीराम बघेले, ग्राम पंचायत सरपंच घनश्याम राऊत, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनिता मानसिंह बहेटवार, विनोद लिल्हारे सरपंच खुरसीपार , प्रकाश उके जिला पंचायत सदस्य, नत्थुलाल अग्रवाल, मगनलाल राउत, लिलेश चौधरी, घनश्याम पटले, मानसिंह बहेटवार,नरेन्द्र साहू सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### परीक्षा केंद्र में नकल पाये जाने पर केंद्र प्रभारी एवं पर्यवेक्षकों को नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा 17 फरवरी को आयोजित हाईस्कूल परीक्षा के दौरान जिला स्तरीय उडऩदस्ता द्वारा परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय चमारीखुर्द के निरीक्षण में एक छात्रा के पास नकल पाये जाने के प्रकरण को लापरवाही मानते हुए परीक्षा केंद्र केंद्राध्यक्ष नरेंद्र कुमार सोनी, सहायक केंद्राध्यक्ष जे के तिरकी, पर्यवेक्षक कमलकांत पुसाम एवं श्रीमती सुकरतला मर्सकोले को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। समय सीमा में संतोषप्रद जवाब प्रसतुत न करने की स्थिति में संबंधितों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

### सुभद्रा स्मृति समारोह संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की स्मृति में सुभद्रा स्मारक, कलबोड़ी में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वामी बलवंत आनंद महाराज एवं अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव 'चातक' सहित अतिथियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। स्वामी बलवंत आनंद महाराज ने कहा कि सुभद्रा जी की कविताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में नई चेतना जगाई। उन्होंने बताया कि उनकी कविता सुनकर महात्मा गांधी की आंखों में भी आंसू आ गए थे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं तथा साहित्यकारों ने काव्यांजलि अर्पित की। आयोजन का संचालन सुरेंद्र सिसोदिया 'अनुज' ने किया।

# बीती रात एक मकान में अज्ञात कारणों से लगी आग, घरेलू सामान जलकर खाक

सिवनी जिले के लखनादौन विकासखंड के घोघरी कला गांव में बीती रात एक मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग इतनी तेज़ी से फैली कि देखते ही देखते पूरा मकान उसकी चपेट में आ गया, जिससे अंदर रखा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार, घोघरी कला निवासी गुरु प्रसाद उइके रात में भोजन करने के बाद अपने दूसरे मकान में सोने चले गए थे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

देर रात उनके खाली पड़े मकान में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। हालांकि, तब तक मकान के अंदर रखा अधिकांश सामान जल चुका था। दमकल कर्मियों ने आग को अन्य मकानों तक फैलने से पहले काबू कर लिया, जिससे आसपास के अन्य आवासों को नुकसान होने से बचा लिया गया। मकान मालिक गुरु प्रसाद उइके ने बताया किआगामी अप्रैल माह में उनके बेटे और बेटी का विवाह होना है। इसके लिए उन्होंने घर-गृहस्थी का नया सामान और कुछ जेवरात खरीदकर रखे थे। आग की इस घटना में यह सभी सामग्री जलकर नष्ट हो गई, जिससे परिवार को भारी आर्थिक क्षति हुई है।



घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। राजस्व अमला भी नुकसान का आकलन करने में जुटा है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। धूमा थाना प्रभारी डोमन सिंह मरावी ने बताया कि उन्हें एक मकान में आग लगने की सूचना मिली थी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और आगजनी के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

सिवनी जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 अयोध्या कॉलोनी में रात्रि के समय एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अयोध्या कॉलोनी निवासी संतोष रजक अपने घर में अकेला था। परिजन किसी काम से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान उसने अज्ञात कारणों से घर के अंदर फांसी लगा ली। देर रात जब परिजन घर लौटे, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक आवाज देने और दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। परिजनों ने आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा खुलवाया। अंदर संतोष रजक फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिएशासकीय अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए हैं।

थाना प्रभारी के.पी. धुर्वे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के सामूहिक विवाह हेतु तिथियां घोषित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना (संशोधित योजना-2022) के अंतर्गत जिले में सामूहिक विवाह आयोजन हेतु तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बरघाट व घंसौर में 11 मार्च, कुरई व केवलारी में 13 मार्च, लखनादौन व छपारा में 14 मार्च तथा धनौरा व सिवनी में 19 मार्च 2026 को सामूहिक विवाह आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक जनपद में न्यूनतम 11 एवं अधिकतम 100 जोड़ों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा जारी नवीन दिशा-निर्देशों के अनुसार योजना को संशोधित स्वरूप में लागू किया गया है। नए प्रावधानों के तहत योजना का लाभ उन्हीं कन्याओं को मिलेगा जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करती हों तथा बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य होगा। सामूहिक विवाह सम्मेलन में अधिकतम 200 जोड़ों की सीमा निर्धारित की गई है।

आवेदन की स्क्रूटनी निकाय स्तर पर की जाएगी तथा वर-वधू की आधार ई-केवायसी समग्र पोर्टल पर अनिवार्य रहेगी। योजना के अंतर्गत वधू को 49 हजार रुपये की सहायता राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से खाते में दी जाएगी, जबकि 6 हजार रुपये आयोजन व्यय हेतु जिला स्तर पर प्रदान किए जाएंगे।



कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सामूहिक विवाह कार्यक्रमों के व्यवस्थित आयोजन को लेकर विस्तृत दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। कार्यक्रम संबंधित अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होगा। हितग्राहियों की पात्रता जांच के लिए जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा।

# अमृता सिंह बघेल ने जेईई मैन एंटरेंस एक्जाम में शानदार अंक अर्जित कर क्षेत्र को गौरांवित किया

**केवलारी।** सिवनी जिला केवलारी विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम डोकरराजी के उन्नतशील एवं मध्यम कृषक, बजरंगदल के पूर्व जिला संयोजक, भाजपा किसान मोर्चा पूर्व सिवनी जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय बजरंगदल प्रांत अध्यक्ष स्वराज सिंह बघेल की सुपुत्री अमृतसिंह जो कि वर्तमान में इनसाइड कोचिंग जामठा नागपुर में अध्यनरत है जिसने जेईई के मेंस परीक्षा के 97.32 प्रतिशत अंक अर्जित कर माता-पिता, परिवार,क्षेत्र, विद्यालय ही नहीं बल्कि संपूर्ण सिवनी जिला को गौरवान्वित किया है।



बिटिया अमृता सिंह की इस उपलब्धि पर हैहय कलचुरी कलार महासभा के जिला अध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य ,अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं किसान परिषद के राष्ट्रीय मंत्री डॉक्टर प्रमोद राय,किसान नेता कुशल एवं प्रखर वक्ता पंडित दामोदर शुक्ला ,अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा नवयुवक मंडल राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोज ठाकुर ,राष्ट्रीय तेलीय साहू महासंघठन जिला महामंत्री विजय कुमार साहू ,रामरंजन बघेल ,रामनरेश राय ,जसवंत बघेल ,राष्ट्रीय बजरंगदल जिला महामंत्री राजेश बघेल ,कपिल अवधिया ,मुन्ना पटेल एवं जिला क्षेत्र के समस्त शुभचिंतकों ने बिटिया एवं पूरे परिवार को बधाई शुभकामनाए प्रेषित कर ईश्वर से बिटिया अमृता सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# विधायक दिनेश राय ने सिवनी को मिली मार्गों की सौगात के लिए मुख्यमंत्री का माना आभार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त होने पर यशस्वी मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। आज प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डा मोहन यादव जी के नेतृत्व मे मध्यप्रदेश विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत किये गये ऐतिहासिक बजट 2026-27 मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन के प्रयासों से सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत



134.15 किमी लंबाई छपारा से सिरकापार, गोरखपुर, घुंघसा, सुरलाखापा छिंदवाड़ा जिले की सीमा तक, 2.50 किमी लंबाई भाटीवाड़ा खैरी से किसनपुर मार्ग, 2.00 किमी लंबाई हिनोतिया से पायली मार्ग, 1.60 किमी लंबाई लामटा बकौडी मार्ग एवं 3.00 किमी लंबाई के गोपालगंज से जंगलटोला (सिंगौड़ी) मार्गों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी। उल्लेखनीय है कि उक्त मार्गों की जर्जर स्थिति को देखते हुए क्षेत्रीय आमजन लंबे समय से इनके निर्माण की मांग कर रहे थे। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर इन प्रस्तावों को बजट में शामिल करने का आग्रह किया था। स्वीकृति उपरांत विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि सडकों के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों और विकास को भी गति मिलेगी। इसके साथ ही आपने द्वारा क्षेत्र को मिली सौगात के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं वित्त मंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

# सिवनी में 'सृजन-सम्मान' अभियान अंतर्गत छात्राओं का आत्मरक्षा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित 'सृजन-सम्मान' अभियान के तहत माता शबरी शासकीय कन्या परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में डीआईजी रेंज छिंदवाड़ा राकेश कुमार सिंह मुख्य अतिथि तथा पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।**




कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन से हुआ। छात्राओं ने कराते व शौर्य प्रशिक्षण का आकर्षक प्रदर्शन किया। अतिथियों ने कक्षा 11-12 एवं मेधावी छात्राओं को सामान्य ज्ञान व समसामयिकी की पुस्तकें भेंट कर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने बेटियों को आत्मनिर्भर, सजग और सशक्त बनने का संदेश दिया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन के सामूहिक गान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। करीब 700 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



# श्रद्धा का सैलाब:घंसौर में निकली साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा

घंसौर में मंगलवार को साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। सुसज्जित पालकी नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए साईं मंदिर पहुंची। यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर साईं राम के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर में पूजा-अर्चना और आरती के बाद पालकी यात्रा प्रारंभ हुई। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा भजन-कीर्तन से माहौल गुंजायमान रहा। पुलिस प्रशासन और आयोजन समिति की सुव्यवस्थित व्यवस्था के बीच यात्रा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। अंत में साईं मंदिर में महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# एकल अभियान की जिला स्तरीय सत्संग प्रतियोगिता केवलारी ने जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

एकल अभियान की (अंचल)जिला स्तरीय सत्संग प्रतियोगिता का आयोजन डी पी कालेज के पास कृष्णम गार्डन सिवनी में हुआ जिसमें जिले के 11 संच आदेगाँव, लखनादौन, धूमा शिकारा, केवलारी , धनौरा पलारी, धनोरा, घंसौर मुंगवानी छपारा से आई हुई मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी जज की भूमिका में बैठे 4 निर्णयको ने फैसला सुनाते हुए केवलारी संच की मंडली को विजेता घोषित किया इसके बाद अब जिले के केवलारी संच की मंडली 27 फरवरी को संभाग जबलपुर में अपनी प्रस्तुति देगी। इस कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार सहित शील्ड प्रशस्ति पत्र और सांत्वना



पुरस्कार भी सभी मंडली को दिए गए साथ ही भोजन की भी व्यवस्था सभी लोगों के लिए की गई इस सत्संग प्रतियोगिता कार्यक्रम में डॉ. के.के.चतुर्वेदी डॉ. राजेंद्र बघेल शंकर दहिया जी चंद्रशेखर सनोडिया ठाकरे जी राकेश नागफासे शरद दुबे निलेश चौधरी परशुराम बघेल सहित भाग टोली अंचल टोली व 11 संच से आई समिति सहित सैकड़ो की संख्या में दर्शकगण मौजूद रहे।

### आरोग्य मंदिर भोमा में स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में तथा जिला आयुष अधिकारी सिवनी डॉ यशवंत कुमार माथुर के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर भोमा द्वारा स्वसहायता समूह की बैठक के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. निधि चौधरी द्वारा उपस्थित 45 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा रक्तचाप (बीपी) की जांच की गई। इस अवसर पर महिलाओं को आहार-विहार, ऋतु परिवर्तन के दौरान होने वाले रोगों से बचाव के उपाय, योग एवं प्राणायाम के लाभ तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य आयुष पद्धति का प्रचार-प्रसार कर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में श्रीमती सरला राहंगडाले (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता) एवं श्रीमती रामलता पंचेश्वर दवासाज की उपस्थिति रही।



# टैगोर वार्ड निवासी जानकी यादव ने आंखों के ऑपरेशन के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में कुल 157 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सी एल चनाप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में तहसील सिवनी अंतर्गत टैगोर वार्ड निवासी जानकी यादव द्वारा आंखो के ऑपरेशन के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम मगरकठा निवासी शेरसिंह बिसेन द्वारा समग्र आईडी में संशोधन कराये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम सुदामापुर निवासी केशव जयसवाल द्वारा राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज कराये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम डुंगरिया निवासी ब्रजमोहन सिंह द्वारा गैस पाईप लाईन परियोजना अंतर्गत अधिग्रहण की गई भूमि का मुआवजा दिलाये जाने विषयक, ग्राम औरियामाल सिवनी निवासी बाबूलाल द्वारा रिकार्ड दुरूस्त कराये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 निवासी तेजलाल बघेल द्वारा आवासीय पट्टा दिलाये जाने विषयक, ग्राम लोनिया गोपालगंज निवासी चेतराम चंदेल द्वारा भूमि पर आने जाने के लिए रास्ता दिलाये जाने विषयक, भगतसिंह वार्ड सिवनी निवासी शबनम खान द्वारा खाद्यान्न पर्ची बनाये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम लाबेसर्रा निवासी लोंगवती बाई द्वारा मृत्यु प्रमाण की प्रति दिलाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी शिवकुमार केकती द्वारा कपिलधारा कूप निर्माण कर्य की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम जटलापुर सिवनी निवासी गुलाब सिंह चंद्रवंशी द्वारा किसान आईडी बनाये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम पिपरिया लूटमरा निवासी नरेश सैयाम द्वारा मुख्य सडक को जोडने वाली सडक निर्माण कराये जाने विषयक, ग्राम चौरापाठा केवलारी निवासी सतीलाल द्वारा मुआवजा राशि दिलाये जाने विषयक, मंगलीपेठ सिवनी निवासी रामभरोस यादव द्वारा बीपीएल कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम समनापुरमाल सिवनी निवासी नीता नागले द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम सारसडोल निवासी दिलीप कुमार द्वारा पानी की समस्या का निराकरण कराये जाने विषयक, ग्राम कान्हीवाडा निवासी विजेंद्र ग्यारसिया द्वारा राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम बांकी थाना बंडोल निवासी भोला जंधेला द्वारा आवास योजना की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम खमरिया टोला सिवनी निवासी ललिता कुमरे द्वारा पीएम आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक सहित कुल 157 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण किये जाने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये गये।

## बंडोल पुलिस ने मारबोड़ी के दो सूदखोरों से मुक्त कराये करीब 27 लाख रुपये के वाहन एवं कृषि यंत्र

# अवैध रूप से ब्याज का गोरखधंधा करने वाले गुंडा बदमाश सहित एक अन्य को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जनता से अपील है कि किसी भी प्रकार की सूदखोरी अवैध वसूली या धमकी की सूचना तत्काल अपने नकदीकी थाने में दर्ज कराएं। पुलिस द्वारा ऐसे मामलों में सख्त कार्यवाही की जावेगी

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा, एसडीओपी सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन मे क्षेत्र में संपत्ति संबंधी अपराधो एवं रसूखदारो के विरूध्द तत्परता से कठोर कार्यवाही थाना बंडोल पुलिस द्वारा की जा रही है।

पीड़ित राजेश कुमार पाठक निवासी चौडा ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपीगण ब्रजेश राजपूत एवं स्वदेश राजपूत दोनो निवासी मारबोडी से 10-10 लाख रूपये आवश्यकता पड़ने पर ब्याज में लिये थे, जो दोनो आरोपीगणो के द्वारा अनाप-शनाप ब्याज जोडकर पीडित से सूद समेत 40 लाख रूपये वसूल चुके है, फिर भी उनके द्वारा ब्याज एवं पेनाल्टी का 60 लाख रूपये की और मांग कर रहे है, न देने पर गाली गलौच एवं जान से मारने की धमकी दे रहे है, साथ ही धमकाकर एवं भय दिखाकर पीडित की स्कार्पियो गाड़ी, दो नग ट्रेक्टर, एक ट्राली, सीडड्रिल, रोटावेटर, एक वैगनआर कार को अपने कब्जे में ले लिये है, पैसा चुकाने पर वापस ले जाने का बोल रहे है जिसकी रिपोर्ट पर उक्त दोनो आरोपियो के विरूध्द थाना बंडोल में अपराध क्रमांक 53/2026 धारा 308(4),296,3(5) बी.एन.एस..3.4 मध्यप्रदेश ऋणियो का संरक्षण अधिनियम 1937 का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान टीम गठित कर आरोपियो की ग्राम मारबोडी में सकूनत पर जाकर पतासाजी की गई। आरोपीगण गुंडा बदमाश ब्रजेश राजपूत एवं स्वदेश राजपूत को पकडकर




अभिरक्षा में लेकर उनके पास रखी पीडित की स्कार्पियो गाडी, एक नग ट्रेक्टर, सीडड्रिल, रोटावेटर, एक वैगनआर कार कुल कीमती करीब 27,00,000/-रूपये (सत्ताईस लाख रूपये) का मशरूका जम कर मुक्त कराये गये एवं आरोपीगणो को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही की जा रही है। और भी पीडितो के इनके चंगुल में फंसे होने का पता किया जा रहा है। ब्रजेश राजपूत थाना क्षेत्र ब्रजेश राजपूत थाना क्षेत्र का सक्रिय गुंडा बदमाश एवं अर्तराज्यीय अपराधी है, जिसके खिलाफ जिला सिवनी के अलावा थाना अमरवाडा छिन्दवाडा, थाना देवलापार एवं महाराष्ट के अन्य जिलों सहित कुल 15 अपराध दर्ज है एवं जिला बदर की कार्यवाही की गई है। गुंडा बदमाश का भाई स्वदेश राजपूत के विरूध्द पूर्व में चाना बंडोल में 03 अपराध पंजीबद्ध किये गये है। जप्तीः स्कार्पियो गाड़ी, एक नग ट्रेक्टर, सीडड्रिल, रोटावेटर, एक वैगनआर कार कुल कीमती करीब 27,00,000/- रूपये (सत्ताईस लाख रूपये)

### गिरफ्तार आरोपी-

(1) ब्रजेश पिता स्वर्गीय नागेन्द्रसिह राजपूत उम्र 49 साल निवासी मारबोडी हाल नवनीत कालोनी लूघरवाडा थाना कोतवाली सिवनी (2) स्वदेश पिता स्वर्गीय नागेन्द्रसिहं राजपूत उम्र 44 साल निवासी मारबोडी थाना बंडोल।

**सराहनीय कार्यः** थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. मनोज जंघेला, सउनि. शिवेन्द्र वसूले, प्र. आर. 476 बालमुकुंद बघेल, प्र.आर.841 संदेश परतेती, प्र. आर. 53 जयेन्द्र बघेल, आर. 834 सतेन्द्र चंद्रवंशी, आर. 446 संतोष डेहरिया प्रायवेट चालक राजेश बघेल के साथ थाना कोतवाली से प्र. आर. मनोज पाल एवं सौरभ ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा।

# अखिल भारतीय सिविल सेवा क्रिकेट प्रतियोगिता नई दिल्ली में हुई प्रारंभ

**सोनखार (प्रदीप तिवारी।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, मध्यप्रदेश द्वारा जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2025-26 की अखिल भारतीय सिविल सेवा क्रिकेट प्रतियोगिता 17 फरवरी से नई दिल्ली में प्रारंभ हो गई है, जो 26 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश सिविल सेवा क्रिकेट टीम हिस्सा ली। प्रतियोगिता के मुकाबले दिल्ली के विभिन्न मैदानों भारत नगर क्रिकेट ग्राउंड (अशोक विहार), विकासपुरी क्रिकेट ग्राउंड, सेंट्रल सेक्रेटेरिएट क्रिकेट ग्राउंड (चाणक्यपुरी) एवं शकुरपुर क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाएंगे।

### 16 खिलाड़ियों का चयन

चयन समिति की अनुशंसा पर प्रदेश टीम के लिए विभिन्न विभागों से 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। टीम में लोक निर्माण, शिक्षा, राजस्व, स्वास्थ्य, वन सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हैं। चयनित खिलाड़ी, कोच एवं मैनेजर 14 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक शासकीय कार्य पर रहेंगे तथा प्रतियोगिता के दौरान मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का पालन करेंगे। निलेश राहंगडाले विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। प्रदेश टीम में शिक्षा विभाग से तीसरी बार पुनः हुये चयनित निलेश (विक्की)राहंगडाले विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

ये क्रिकेट जगत के लिये उगली केवलारी में क्रिकेट के प्रति अपने समर्पण और लगन के दम पर एक आलराउंडर खिलाडी की भूमिका में मुख्य रुप से तेज गेंदबाजी करते है, और वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केवलारी (जिला सिवनी) में पदस्थ हैं। प्रयोगशाला सहायक से शिक्षक तक की अपनी सेवा यात्रा के साथ उन्होंने खेल के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय पहचान बनाई है।

## धान की कस्टम मिलिंग के लिए कलेक्टर ने राईस मिलर्स से की चर्चा

# राईस मिलर्स ने कस्टम मिलिंग करने की सहमति दी



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिला मध्यप्रदेश का सर्वाधिक धान उत्पादक जिला है और समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान की कस्टम मिलिंग के उपरांत चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से उचित मूल्य दुकानों को गरीब और कमजोर वर्ग को प्रदाय करने के लिए उपलब्ध कराया जाता है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने बालाघाट जिले में धान की कस्टम मिलिंग के व्यवस्थित संचालन के लिए 18 फरवरी को राईस मिलर्स के साथ बैठक कर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक श्री हरिश कोरी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सुनील किरार, राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री आनंद ठाकरे एवं राईस मिलर्स उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मीना ने राईस मिलर्स से चर्चा के दौरान कहा कि धान की कस्टम मिलिंग से तैयार होने वाला चावल गरीब एवं कमजोर वर्ग के खाने के लिए उपलब्ध कराया जाता है। अतः राईस मिलर्स इसमें किसी भी तरह से अनैतिक लाभ लेने का प्रयास न करें। राईस मिलर्स के लिए धान की कस्टम मिलिंग एक तरह से गरीब लोगो की सेवा के समान है। बालाघाट जिले में धान उपार्जन एवं धान की कस्टम मिलिंग से जिले की अर्थव्यवस्था को भी गति मिलती है। राईस मिलर्स को धान की कस्टम मिलिंग में जो कुछ भी समस्या आएगी उनका शासन के नियमों के तहत निराकरण करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। अतः राईस मिलर्स धान की कस्टम मिलिंग का कार्य शीघ्र प्रारंभ करें।

बैठक में राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री आनंद ठाकरे ने धान की कस्टम मिलिंग में आने वाली समस्याओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया और अपेक्षा की कि उनका यथोचित हल निकाला जाएगा। उन्होंने गत वर्ष की कस्टम मिलिंग के भुगतान एवं अन्य सहायता के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि राईस मिलर्स द्वारा धान की कस्टम मिलिंग शीघ्र ही शुरू की जाएगी और इसके लिए मिलर्स द्वारा अनुबंध किया जाएगा। बैठक में 38 राईस मिलर्स द्वारा धान की कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंध करने की सहमति प्रदान की गई और अन्य मिलर्स द्वारा भी शीघ्र ही अनुबंध किया जाएगा।

## लिंगा लोहारा पहाड़ी पर 19 से 22 फरवरी तक वारिस वार्षिक उत्सव, विविध धार्मिक कार्यक्रम होंगे आयोजित



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर लिंगा लोहारा पहाड़ी स्थित वारिस टेकरी आनंद आश्रम में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 19 से 22 फरवरी तक चार दिवसीय वारिस वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। साम्प्रदायिक सौहार्द और कौमी एकता के प्रतीक इस पावन स्थल पर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से वारिस पाक के अकीदतमंद जायरीन बड़ी संख्या में पहुंचेंगे।

घोषित कार्यक्रम के अनुसार 19 फरवरी की रात्रि में मिलाद शरीफ का आयोजन होगा। 20 फरवरी को सुबह 11:30 बजे संदल जुलूस निकाला जाएगा, जो बालाघाट नगर भ्रमण करते हुए लोहारा पहाड़ी स्थित वारिस आनंद आश्रम पहुंचेगा, जहां दरगाह शरीफ में चादर पेश की जाएगी। इस दौरान नगर के मेन रोड स्थित हजरत हक्कू शाह बाबा दरगाह एवं कोसमी स्थित दरगाह शरीफि में भी चादर चढ़ाई जाएगी। रात्रि 8 बजे के बाद आश्रम परिसर में मौला-ए-कायनात मुश्किल कुशा की महफिल, तकरीर और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

21 फरवरी को सुबह 9 बजे परचम कुशाई की रस्म अदायगी के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद सांस्कृतिक एवं संगीत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शाम 6 बजे विशाल लंगर का आयोजन रखा गया है, जिसमें सभी धर्मों के लोग शामिल होंगे। रात्रि 9 बजे जुलूस के साथ गागर शरीफ एवं भव्य आतिशबाजी का आयोजन होगा। तत्पश्चात रात्रि 11 बजे महफिल-ए-शमा कव्वाली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के ख्यातिप्राप्त कव्वाल अपनी प्रस्तुति देंगे। 22 फरवरी को विशेष प्रार्थना के साथ चार दिवसीय उत्सव का समापन होगा।

आयोजन समिति के संरक्षक आजाद शाह वारसी ने बताया कि रमजान माह का सम्मान करते हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। यह आयोजन विगत कई वर्षों से समाज में कौमी एकता और भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वारिस पाक का संदेश मानवता और प्रेम का है, जहां सभी धर्मों के लोग समान रूप से सहभागिता निभाते हैं।

आश्रम परिसर की संचालक सुश्री अकिला वारसी ने बताया कि पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचेंगे। उन्होंने सभी वारसियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## जिले के 36 हज यात्रियों का टीकाकरण एवं मेडिकल स्क्रीनिंग संपन्न



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के निर्देशानुसार 18 फरवरी 2026, बुधवार को प्रातः 11 बजे से अंजुमन शादी हाल, बालाघाट में हज यात्रियों के लिए विशेष टीकाकरण एवं मेडिकल स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कुल 36 हज यात्रियों का आवश्यक टीकाकरण किया गया तथा उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। दो हज यात्री जिले से बाहर प्रवास पर होने के कारण उपस्थित नहीं हो सके। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा यात्रियों को यात्रा के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की भी जानकारी दी गई।कैंप में डॉ. प्रियंका नगपुरे, श्रीमती ज्योति पड़वार, श्रीमती दुर्गावती मेश्राम, श्री प्रथम कावरे, श्रीमती अंजुम निशाद अली, श्रीमती श्वेता सोनी एवं आशा कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। पूरी प्रक्रिया सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराई गई। उल्लेखनीय है कि डॉ. परेश उपलप के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विगत 15 वर्षों से प्रतिवर्ष हज यात्रियों के लिए टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की जा रही है, जिससे यात्रियों की सुरक्षित एवं स्वस्थ यात्रा सुनिश्चित हो सके।

## विधायक मधु भगत ने पंचायत और मनरेगा कार्यों पर सरकार से मांगा विस्तृत जवाब

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रभावी ढंग से सदन में उठाया। उन्होंने विशेष रूप से मनरेगा योजना के अंतर्गत व्यय राशि, जर्जर पुल-पुलियों की स्थिति, सुदूर सड़कों के निर्माण तथा जनपद पंचायत बालाघाट के आय-व्यय संबंधी विवरण पर प्रश्न पूछकर सरकार से जानकारी मांगी।

विधायक भगत ने पंचायत मंत्री से पूछा कि जबलपुर संभाग में वर्ष 2023-24 से प्रश्न दिनांक तक मनरेगा योजना के अंतर्गत कितनी राशि व्यय की गई है। साथ ही उन्होंने जिलेवार सूची उपलब्ध कराने की मांग की। परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत महकापाठा, पुजारीटोला सहित सैकड़ों पुल-पुलिया जर्जर स्थिति में हैं, इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने इनके निर्माण एवं मरम्मत की जानकारी भी चाही। इसके अलावा उन्होंने यह भी पूछा कि क्षेत्र में कौन-कौन सी सुदूर सड़कों का निर्माण कराया गया है।

उन्होंने बालाघाट जनपद पंचायत के कार्यालय द्वारा विगत एक वर्ष में किए गए कुल आय-व्यय, खरीदी-बिक्री, समस्त बिल-वाउचर एवं प्रशासनिक स्वीकृतियों की प्रतियां उपलब्ध कराने का भी प्रश्न उठाया।

जवाब में पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने बताया कि वर्ष 2023-24 से प्रश्न दिनांक तक मनरेगा योजना के अंतर्गत व्यय की गई राशि का जिलेवार विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट 'अ' के अनुसार उपलब्ध है। महकापाठा और पुजारीटोला की पुल-पुलिया वर्ष 2003-04 में जिला पंचायत सदस्य मद एवं ग्राम पंचायत पद से निर्मित हुई थीं और वर्तमान में जर्जर अवस्था में हैं। ये निर्माण मनरेगा के अंतर्गत नहीं हुए थे। आरईएस एवं पंचायत विभाग से भी इनका निर्माण नहीं किया गया है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि मनरेगा से केवल उसी योजना के अंतर्गत बने कार्यों का मरम्मत एवं नवीनीकरण संभव है।

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत किरनापुर की 27 ग्राम पंचायतों में पिछले तीन वर्षों में 10 सुदूर सड़कें स्वीकृत हुईं, जिनमें से 3 पूर्ण एवं 7 प्रगतिरत हैं। जनपद पंचायत बालाघाट में 25 सुदूर सड़क कार्य स्वीकृत हुए, जिनमें 18 पूर्ण और 7 प्रगति पर हैं। वहीं जनपद पंचायत परसवाडा की 42 ग्राम पंचायतों में 23 कार्य स्वीकृत हुए, जिनमें 19 पूर्ण तथा 4 प्रगति पर हैं।

## नाबालिग की गोद में नवजात, नाबालिग छात्रा के गर्भवती होने के बाद प्रसव का मामला




### पॉक्सो एक्ट के तहत लांजी पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपी बालक गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी थाना क्षेत्र के एक ग्राम में 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा के गर्भवती होने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता कक्षा 10वीं की छात्रा बताई जा रही है और इन दिनों उसकी परीक्षाएं चल रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी युवक, जो समीपस्थ ग्राम का निवासी है, पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती करने का आरोप है। हाल ही में प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर जा रहे थे, इसी दौरान बाइक पर ही बालिका का प्रसव हो गया। बाद में सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। सूत्रों के अनुसार अस्पताल प्रशासन द्वारा मामले की सूचना तत्काल पुलिस को नहीं दिए जाने की बात भी सामने आई है। जिसके कारण इतने गंभीर मामले में पुलिस कार्रवाई में देरी हुई। वहीं इस मामले में आरोपी बालक के परिजनों को कोई जानकारी नहीं है। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों ने स्वयं बालाघाट में पुलिस को सूचना दी। महिला थाना बालाघाट द्वारा शून्य पर प्रकरण दर्ज कर संबंधित जानकारी लांजी थाना भेजी गई। लांजी पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर दी है तथा आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की गई है। ग्रामीण क्षेत्र में घटित इस घटना ने सामाजिक परिवेश को लेकर भी कई सवाल खड़े किए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्तमान समय में किशोर-किशोरियों में सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग और अभिभावकीय निगरानी की कमी के कारण वे गलत संगति और अनुचित प्रभावों का शिकार हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि दोनों पक्षों के परिवार आर्थिक रूप से कमजोर बताए जा रहे हैं और मजदूरी कर अपना जीवनयापन करते हैं। ऐसे में बच्चों पर पर्याप्त ध्यान और मार्गदर्शन का अभाव भी एक महत्वपूर्ण कारण माना जा रहा है। इस मामले से अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को मिलकर किशोरों में जागरूकता, नैतिक शिक्षा और डिजिटल उपयोग के प्रति सजगता बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### जिले के 32 छात्र छात्राओं का किया गया सम्मान

**बालाघाट।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित ओलम्पियाड प्रतियोगिता में जिला स्तर पर 32 छात्र छात्राओं ने सफलता हासिल की है। इनमें 21 छात्राएँ और 11 छात्र शामिल है। यह सभी छात्र छात्राएँ कक्षा 02 से कक्षा 08 के विद्यार्थी है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने ओलम्पियाड प्रतियोगिता में सफल इन नन्हें छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया और भविष्य में इसी तरह की सफलताएँ हासिल करने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। ओलम्पियाड में सफल इन नन्हें बच्चों को स्कूल बेग, कम्पास एवं पानी की बोटल उपहार स्वरूप प्रदान की गई है।

## पीएमश्री शास उच्च माध्य विद्यालय कुम्हारीकला के 150 छात्र छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिले की एकमात्र संस्था सतपुड़ा ग्रुप तकनिकी शिक्षा के क्षेत्र में विगत 25 वर्षो से सफलतापूर्वक बालाघाट जिले एवं मध्यप्रदेश में 14 आईटीआई के साथ इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, डीएड बीएड कॉलेज, सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल का संचालन कर रहे हैं। पीएमश्री शास उच्च माध्य विद्यालय कुम्हारीकला लांजी ब्लॉक के 150 छात्र छात्राओं को दिनांक 17 फरवरी 2026 को सतपुड़ा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई मांझापुर बालाघाट में संचालित कोर्स बीटेक, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई की सभी प्रयोगशालाओं के उपकरणों तथा कंप्यूटर के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। पीएमश्री शास उच्च माध्य विद्यालय कुम्हारीकला लांजी ब्लॉक के 150 छात्र छात्राओं के साथ स्कूल के प्रभारी प्राचार्य श्री कमल किशोर मेश्राम, शिक्षक श्री विमल तुरकर (आईटी वोकेशनल ट्रेनर), श्री चंद्रकांत कुतरिये (इएच वोकेशनल ट्रेनर), शशिकांत चौहान (उश्रेशि), अरविन्द मंडलोई, मिलिंद मेश्राम, अंजना चौहान, रीमा हनोते, टिकेश्वर कराहे, सतीश कुमार मडामे, लेखराम हरिनखेड़े, पुष्पलता ठाकुर, राहुल कोरे सम्मिलित थे। सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं शिक्षको द्वारा छात्र छात्राओं को सभी प्रकार के मशीनो के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## मध्य प्रदेश का बजट निराशाजनक, युवाओं और किसानों के साथ छलः संजय उईके

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बालाघाट जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उईके ने इसे "जनविरोधी और दिशाहीन" करार दिया।संजय उईके ने कहा कि प्रदेश की जनता को इस बजट से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन सरकार ने एक बार फिर केवल खोखली घोषणाओं का पुलिंदा परोस दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई से त्रस्त आम जनता, कर्ज में डूबे किसान और बेरोजगारी से जूझ रहे युवाओं के लिए बजट में कोई ठोस राहत नहीं दी गई है।उन्होंने कहा कि सरकार लगातार विकास के दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके विपरीत हैं। रोजगार सृजन, उद्योगों को बढ़ावा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार ने ठोस नीति पेश नहीं की।संजय उईके ने यह भी कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में पर्याप्त बजट प्रावधान न होना सरकार की प्राथमिकताओं पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट केवल आंकड़ों की बाजीगरी है, जिसमें आम नागरिक की वास्तविक समस्याओं का कोई समाधान नजर नहीं आता।उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी बजट के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी और प्रदेश की जनता के अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करती रहेगी।

## निजी दलालों के साथ मिलकरः चेक प्वाइंट बनाकर अवैध वसूली कर रही महिला अधिकारी

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** परिवहन विभाग की एक महिला अफसर मंगलवार को कटंगी क्षेत्र में चेक प्वाइंट बनाकर अवैध वसूली करते हुए नजर आई है। परिवहन उपनिरीक्षक भाग्यश्री राजवैद्य प्रभाकर नाम की महिला अफसर को निजी दलालों के साथ मिलकर वाहन चालकों से अवैध वसूली करते हुए देखा गया। कटंगी-सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर लोहमारा बैरियर से कुछ दूरी पर महिला अधिकारी दो सरकारी कर्मचारी और दो निजी दलालों के साथ सुबह करीब 05 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच वाहनों से अवैध वसूली करती हुई स्पॉट की गई। सरकारी खजाने को चूना लगाकर महिला अधिकारी वर्दी की आड़ में कर रही काली कमाई को निजी दलाल किशोर कुमार शिवनकर के फोन पे नंबर पर जमा करवा रही थी जो वसूली के वक्त उनके साथ वहीं पर मौजूद था। इसके अलावा नंद किशोर उर्फ नंदू शर्मा नाम का दलाल भी महिला अफसर के साथ वसूली में शामिल दिखाई दिया। जिन वाहनों के चालकों से अवैध वसूली की जा रही थी उन्हें बदले में चेक स्लिप नाम की पर्ची थमाई जा रही थी। जिसमें विभाग की मुहर तक नहीं लगी थी। अज्ञानता और विभाग की कार्रवाई के डर से कोई वाहन चालक इस बात का विरोध तक नहीं कर रहा था। हालांकि एक वाहन मालिक ने हमें अवैध वसूली की जानकारी दी। जिसके बाद हम मौका स्थल पर पहुंचे कुछ देर पूरी कार्रवाई को देखा और समझा तो पाया कि सरकारी कर्मचारी और दलाल मिलकर सड़क पर चलने वाले माल वाहन वाहनों को रोक रहे है और चालान के नाम पर चेक स्लिप देकर वसूली की जा रही है। जिन वाहनों से चेक स्लिप के जरिए वसूली की गई। उन वाहनों के नंबर एक अलग रजिस्टर में रकम के साथ नोट किए जा रहे है। अवैध वसूली कर रही महिला अधिकारी से जब चर्चा करने की कोशिश की गई तो वह गाड़ी से नीचे नहीं उतरी और मीडिया कर्मियों से परिचय पत्र मांगने लगी जब परिचय पत्र दिखाया तो उन्होंने अपने मोबाइल में परिचय पत्र की तस्वीर ले ली और फिर बेहद चालाकी से मौका स्थल से वाहन लेकर फरार हो गई। इस पूरे मामले को लेकर जिला परिवहन अधिकारी अनिमेश गड़पाल से दूरभाष पर चर्चा की गई तो वह कुछ कहने से बचते हुए नजर आए। जिससे प्रतीत हुआ कि इस अवैध वसूली में महिला कर्मचारी को वरिष्ठ अधिकारी का भी संरक्षण मिला हुआ है।

विगत वर्ष राज्य सरकार ने सीमाओं में बने चेक पोस्ट को बंद कर चेक प्वाइंट की व्यवस्था लागू की। अब इस व्यवस्था को परिवहन विभाग के कर्मचारियों ने अपनी काली कमाई का जरिया बना लिया है। जिन नियमों के साथ यह व्यवस्था लागू की गई है उसका अधिकारी और कर्मचारी खुला उल्लंघन कर रहे है। कटंगी-सिवनी रोड़ पर महिला अधिकारी अस्थाई चेक प्वांइट बनाकर वाहनों की जांच कर रही थी तो इस यूनिट के साथ ड्रायवर के प्राइवेट दलाल भी मौजूद थे। चालानी कार्यवाही जो केवल पॉश मशीन के माध्यम से की जानी चाहिए थी। उसके बदले चेक स्लीप दी जा रही थी। पूरी कार्रवाई के दौरान सबसे खास बात बॉडी वार्न कैमरा तक मौजूद नहीं था। यानी साफ प्रतीत होता है कि चेक प्लाइंट सरकार का खजाना भरने के लिए नहीं बल्कि खुद की जेब भरने के लिए बनाया गया था।

## निलम्बित कर चल - अचल संपत्ति की जाँच की जाए - स्वामी स्वदेशानंद

# तहसीलदार नामदेव की कार्यप्रणाली से परेशान हैं बिरसा की जनता

हरिभूमि न्यूज उकवा।






कहते हैं तहसीलदार तहसील का मालिक होता है। जो तहसील में निवासरत जनता की राजस्व सम्बंधित समस्याओं का समाधान करता है। किन्तु बालाघाट जिले के बिरसा तहसील के तहसीलदार राजू लाल नामदेव बिरसा तहसील की जनता के लिए मुसीबत बनकर अपनी तानाशाही से क्षेत्र की जनता को लूटने का काम कर रहें हैं। तहसीलदार राजूलाल नामदेव के रहते रुपयों के बलबूते पर किसी की भी जमीन को किसी के भी नाम से करा लेना कोई बड़ी बात नही है। खनिज माफिया, भूमाफियों से सांठ - गांठ कर करोड़ों रुपयों का खुले आम भ्रष्टाचार करना उनकी आदत में है। न्यायालय में विचाराधीन मामले में भी रुपयों के बल पर एक पक्षीय निर्णय देकर एक पक्ष के साथ अन्याय करना इनकी आदत में है। ऐसे अनेकों मामले में इनके द्वारा निर्णय दिए गए हैं। प्रकरण क्रमांक 0088/अपील 2025-26 दिनांक 19/2/2026 को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैहर द्वारा नियत किया गया है। उस मामले में समय से पहले निर्णय देना। साथ ही मा.सिविल न्यायालय बैहर के प्रकरण क्रमांक RCSA/25/2025 विचाराधीन है। उस मामले में निर्णय देना कहां तक सही है। बैहर मा.न्यायालय में अपील करने पर प्रकरण क्रमांक MCA/08/2025 में दिनांक 10/2/2025 को निरस्त कर प्रकरण को पुनः विधि अनुसार निराकरण हेतु रिमाइंड कर दिया गया है। मा.न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुवे तहसीलदार राजूलाल नामदेव ने उस मामले में रुपया लेकर एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए जमीन को बंटवारे के निर्णय दे दिया गया है। और अपने पद का दुरुपयोग करते हुए पुलिस प्रशासन को अपने साथ लेकर दूसरे पक्ष को परेशान करने उनके घर पहुंच कर उन्हें धमकाया गया जिससे घर वाले दहशत में हैं। इसी तरह का मामला बिरसा निवासी ज्ञानचंद मेश्राम और प्रदीप डोंगरे का है जिस मकान में वे 50 वर्षों से रहते थे जिनके पास उस जमीन का वैध पट्टा रहते हुए भू माफियों के कहने पर बुलडोजर से तुड़वा दिया गया। लम्बी कानूनी लड़ाई के पश्चात मा. न्यायालय ने पीड़ित के पक्ष में फैसला सुनाया। किन्तु भूमाफियों के इशारे पर उन पीड़ितों को तहसीलदार द्वारा न्याय नही मिला ऐसे अनेकों मामले में तहसीलदार लिप्त है। तहसीलदार की अपनी तानाशाही तथा अपने काम में लापरवाही करने के कारण बालाघाट जिला कलेक्टर के द्वारा तहसीलदार पर तीन हजार रुपयों का जुर्माना किया गया है। राजस्व भूमि से अवैध रूप से रेत का परिवहन करवाना, राजस्व भूमि से अवैध रूप से जंगलों की कटाई करवाकर बिना टी. पी. के माफियों के माध्यम से लठ्ठों का परिवहन कराकर लाखों रुपयों का भ्रष्टाचार किया जा रहा है। साथ ही सैकड़ों वर्षों से राजस्व भूमि में मकान बनाकर निवासरत लोगों को अतिक्रमण हटाने के नोटिस जारी कर उन्हें कार्यालय बुलवाकर उनसे रुपयों की मांग कर सीधे साधे क्षेत्र के आदिवासियों तथा पिछड़े वर्ग के लोगों को परेशान किया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नरेन्द्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय संरक्षक स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज के पास बिरसा तहसील के निवासी पहुंच कर बिरसा तहसीलदार राजू लाल नामदेव के द्वारा किए जा रहे अत्याचार से छुटकारा दिलाकर न्याय दिलाने की माँग की गई। जिस पर स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जिला कलेक्टर बालाघाट से मांग की है कि बिरसा तहसीलदार राजू लाल नामदेव के द्वारा बिरसा तहसील के निवासियों के साथ किए जा रहे अत्याचार की निष्पक्ष जांच करवा कर तहसीलदार राजू लाल नामदेव पर कार्यवाही करते हुए निलम्बित कर उनके द्वारा अवैध रूप से अर्जित चल-अचल सम्पत्ति की जांच की जाए। और आय से अधिक सम्पत्ति रखने का मामला पंजीबद्ध किया जाए।